# अजमेर में सफाई कर्मचारियों की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी

## कचरा नहीं उठने से शहर की सफाई व्यवस्था बिगड़ी, प्रमुख बाजारों, चौराहों और कॉलोनियों के आसपास कचरे के ढेर लगे

**अजमेर,** (कासं)। राज्य सरकार द्वारा निकाली गई सफाई कर्मचारियों की भर्ती में वाल्मीकि समाज को प्राथमिकता देने की मांग को लेकर सफाई कर्मचारियों की हड़ताल दूसरे दिन मंगलवार को भी जारी रही। कर्मचारियों ने एकजुटता का संदेश देते हुए गांधी भवन से नगर निगम तक रैली निकाली और निगम परिसर में प्रदर्शन किया। स्थाई और अस्थाई सफाई कर्मचारियों द्वारा शहर में सफाई कार्य नहीं किया जाने से शहरभर के कचरा डिपो सहित प्रमुख बाजारों, चौराहों और कॉलोनियों के आसपास कचरे के ढेर लग गए। शहर की बिगड़ी सफाई व्यवस्था के चलते आम जनता को परेशानी का सामना भी करना पड़ रहा है।



सफाई कर्मचारियों ने गांधी भवन से नगर निगम तक रैली निकाली।

जानकारी के अनुसार अजमेर नगर निगम के सभी सफाई कर्मचारी मंगलवार को दूसरे दिन भी हड़ताल पर रहे। सभी कर्मचारी नगर निगम में एकत्रित हुए और यहां से रैली के रूप में सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए गांधी भवन चौराहे पर पहुंचे और निगम कार्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। हड़ताल में ठेकेदारों के संविदा कर्मचारी, डोर टू डोर कचरा संग्रहण करने वाले कर्मी भी शामिल रहे। स्थाई व अस्थाई सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के चलते शहर के प्रमुख बाजारों मदार गेट, आगरा गेट, दरगाह बाजार, नया बाजार, पुरानी मंडी, नला बाजार, डिग्गी बाजार, गंज डिपो, गांधी भवन चौराहा, वैशाली नगर, रामगंज, आदर्श नगर सहित शहरभर की विभिन्न कॉलोनियों, गली मोहल्लों में जगह-जगह गंदगी के ढेर लग गए। कचरा नहीं उठने से व्यापारियों, राहगीरों, जायरीन व आमजन को परेशानी उठानी पड़ी।

सफाई भर्ती में वाल्मीकि समाज को प्राथमिकता दिए जाने की मांग को लेकर सभी सफाई कर्मचारी हड़ताल पर है। कर्मचारियों ने मांग की कि जाति प्रमाण पत्र के आधार पर युवाओं को नौकरी दी जाए। हड़ताली कर्मचारियों ने शहर की होटलों, निजी संस्थाओं, निजी अस्पतालों में काम करने वाले सफाई कर्मचारियों से भी हड़ताल में शामिल होने की अपील की है।

- **वाल्मीकि समाज को भर्ती में प्राथमिकता देने की मांग, रैली निकालकर प्रदर्शन किया**

प्रदर्शनकारी कर्मचारी नेता व कर्मचारियों ने कहा कि निगम द्वारा शहर को 11 जोन में बांटकर सफाई का कार्य कराया जाता है। इस कार्य में 1476 स्थाई सफाई कर्मचारी, 2 हजार से अधिक अस्थाई सफाई कर्मचारी है। 350 कर्मचारी डोर टू डोर कचरा संग्रहण में लगे हुए हैं। करीब 300 टन कचरा प्रतिदिन निकलता है। 200 ऑटो टिपर के जरिए कचरा घरों से 350 कचरा डिपो तक और वहां से 25 ट्रॉली, 11 डंपर, 11 लोडर, 50 कंटेनर मशीन के जरिए माखुपुरा स्थित शहर के बाहर बने ट्रेंचिंग ग्राउंड में डंप डाला जाता है।

# हादसे में ट्रेलर चालक की मौत, खलासी घायल

## ट्रेलर ने आगे चल रहे ट्रक को टक्कर मार दी थी

**निवाई/जामडोली,** (निसं)। दतवास थानान्तर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग कौथून-लालसोट पर गांव तुर्किया के समीप दो वाहनों में भिड़ंत हो गई। इस दुर्घटना में एक वाहन चालक की मौत हो गई तथा उसका खलासी घायल हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलने पर दतवास पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लेकर राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय निवाई की मोर्चरी में रखवाया और घायल खलासी को सीएचसी चाकसू में उपचार के लिए भर्ती करवाया।

- **किराने का सामान भरकर लालसोट की और जा रहा था ट्रक**

पुलिस सहायक उपनिरीक्षक बाबूलाल ने बताया कि एक ट्रक किराने का सामान भरकर लालसोट की और जा रहा था। उसी के पीछे सीमेंट से भरे हुए एक ट्रेलर ने आगे चल रहे ट्रक के टक्कर मार दी, जिससे ट्रेलर चालक पोण्ड्री का खेड़ा जिला शाहपुरा निवासी रमेश (32) पुत्र बालूराम जाट की मौत हो गई तथा खलासी कैलाश पुत्र भुआना निवासी जहाजपुर घायल हो गया। पुलिस मृतक के शव का राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय निवाई में पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।



हादसे में ट्रेलर के आग का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।

## 48 वर्षीय शिक्षक ने आत्महत्या की

**टोंक,** (निसं)। पुरानी टोंक थाना क्षेत्र के हाउसिंग बोर्ड इलाके में गत 30 जुलाई को प्रातः छत के एंगल से लटकर एक युवक फांसी के फंदे से लटक गया और उसने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुरानी टोंक थानाधिकारी उदयवीर सिंह ने बताया कि मृतक का नाम मुकेश चौधरी पुत्र भंवरसिंह चौधरी उम्र 48 वर्ष जो कोठी नातमाम सी.सै. स्कूल में केमेस्ट्री (रसायन शास्त्र) का वरिष्ठ अध्यापक था। इस सम्बन्ध में पुलिस को एक सुसाईड नोट भी मिला है, जिसमें किसी नामजद व्यक्ति पर मृतक ने दबाव बनाने जाने के चलते उसने अपनी जीवन लीला समाप्त की। वह अपने पीछे दो बच्चे भी छोड़ गया है, जो अध्ययनरत है। सूत्रों से यह भी पता चला है कि शहर के अन्य थाने में उस पर कोई ऐसा प्रकरण दर्ज हुआ, जिसके चलते भी वह यह कदम उठा सकता है।

# दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग

## बारां की घटना के विरोध में पंजाबी खत्री समाज ने दिया ज्ञापन

**हिंडौन सिटी,** (निसं)। बारां में एक 13 वर्षीय नाबालिग के साथ एक स्कूल के निजी शिक्षक द्वारा दुष्कर्म के मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर सोमवार को पंजाबी खत्री समाज ने तहसीलदार शिवन्या गुप्ता को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की गई है।

हेमंत खत्री और भीमसेन गेरा ने बताया कि पुलिस ने अभी तक आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया है। पीड़िता को किशोर सुधार गृह भेज दिया गया है। वहां पीड़िता मानसिक रूप से परेशान है। परिजनों को पीड़िता से मिलने भी नहीं दिया जा रहा।

ज्ञापन में बताया गया कि घटना से समाज में रोष है। ऐसे में आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। इस मौके पर हेमंत खत्री, भीमसेन गेरा, चंद्रभान चोटमुरादा, आशु अरोड़ा, प्रवीण अरोड़ा, दीनबंधु खत्री, विजय पंजाबी, बंशीधर मेहंदीरत्ता, रिंकू राजपाल सहित काफी संख्या में पंजाबी खत्री समाज के लोग मौजूद थे।

## एलआईसी एजेंट से चार लाख की लूट

**सीकर,** (निसं)। शहर के सुभाष चौक में एलआईसी एजेंट से दिनदहाड़े चार लाख की लूट का मामला सामने आया है। वारदात शहर के मध्य सुभाष चौक में हुई जहां दो बाइक सवार लुटेरे चार लाख रुपए की लूट की वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। बाइक पर सवार आये लूटेरों ने एलआईसी एजेंट ओमप्रकाश सैनी से लूट की वारदात की और फरार हो गए। ओमप्रकाश सैनी एलआईसी में एजेंट है और वह किसी को पैसे देने के लिए पैदल ही बाजार में जा रहा था। इसी दौरान पीछे से बाइक सवार बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया और फरार हो गए। लूट की घटना के बाद थाना कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची तथा आसपास के इलाकों में सीसीटीवी कैमरा के फुटेज खंगाल रही है। वहीं घटना के बाद शहर में कड़ी नाकेबंदी की गई है।

# फर्जी पट्टा बनाने के मामले में एक गिरफ्तार

## नगर निगम दक्षिण से पट्टा चोरी करने के बाद हूबहू प्रिंट निकलवाकर फर्जी पट्टा बनाने का मामला

**जोधपुर,** (कासं)। नगर निगम दक्षिण से पट्टा चोरी करने के बाद हूबहू प्रिंट निकलवाकर फर्जी पट्टा बनाने के मामले में भगत की कोठी थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया। मामले में अन्य आरोपियों की भूमिका की जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार नगर निगम उपायुक्त के निजी सहायक ने 8 जून को रातानाडा के ऑफिसर मैस के सामने शेर विलास कॉलोनी निवासी सुल्तान सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी से फर्जी पट्टा बनाने का मामला दर्ज करवाया था। इसके बाद पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू की। जांच में आरोपी के खिलाफ आरोप प्रमाणित पाए गए। उसके बाद पुलिस ने सोमवार को आरोपी सुल्तान सिंह पुत्र स्वरूप सिंह राठौड़ को गिरफ्तार किया। आरोपी से पूछताछ में फर्जीवाड़े में शामिल अन्य आरोपियों की भूमिका की जांच की जा रही है।

- **आरोपी से पूछताछ में फर्जीवाड़े में शामिल अन्य आरोपियों की भूमिका की जांच की जा रही है**

मामले की जांच कर रहे हैं एएसआई प्रहलाद राम मीणा ने बताया कि 8 जून 2024 को नगर निगम जोधपुर उत्तर की ओर से भगत की कोठी में एक फर्जी पट्टे का मामला दर्ज करवाया गया था। जिसकी जांच के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया गया। मामले में कार्यालय कर्मचारी अंजू विश्नोई, सुधीर, मनीषा के बयान लिए गए। जिसमें पाया गया कि उस समय कार्यालय से जारी फर्जी पट्टे में महापौर कुंती देवड़ा व तत्कालीन उपयुक्त रोहित चौहान थे। इस मामले में तत्कालीन महापौर कुंती परिहार, तत्कालीन उपायुक्त रोहित चौहान के बयान भीलवाड़ा जाकर लिए गए। आरोपी के खिलाफ आरोप पाए जाने पर आरोपी के नंबरों की लोकेशन लेकर उसे घर से दस्तयाब किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी के खिलाफ पूर्व में 6 मामले दर्ज है, जिनमें से 2 में चार्जशीट पेश हो चुकी है, जबकि 2 मामलों में एफआर लग चुकी है, वहीं दो मामले लंबित हैं।

गौरतलब है कि सुल्तान सिंह ने महेश छात्रावास के पीछे जगदंबा कॉलोनी में एक भूखंड का फर्जी पट्टा बनवा लिया था। इसकी जानकारी नगर निगम को लगने पर निगम की ओर से पट्टा निरस्त करवाया गया था। आरोप है कि निगम से पट्टा चोरी करने के बाद हूबहू प्रिंट निकलवा लिया गया था। उस पर ओरिजिनल डिस्पैच नंबर भी अंकित कर दिए गए थे।

# वेतन की मांग को लेकर रोडवेज कर्मचारियों का कार्य बहिष्कार जारी

## रोडवेज कर्मचारियों ने दो माह का वेतन नहीं मिलने पर सरकार के खिलाफ नाराजगी जताई

**अजमेर,** (कासं)। माखुपुरा स्थित राजस्थान परिवहन निगम केंद्रीय कार्यालय में कार्यरत रोडवेज कर्मचारियों ने मंगलवार को दो माह का वेतन नहीं मिलने पर सरकार के खिलाफ नाराजगी जताते हुए प्रदर्शन किया। कर्मचारियों का कहना रहा कि रोडवेज में अब तो नौकरी करते हुए भी शर्म आने लग गई है, घर खर्च चलाना भी मुश्किल हो गया है। राजस्थान परिवहन निगम केंद्रीय कार्यालय में कार्यरत रोडवेज कर्मचारियों ने मंगलवार को माखुपुरा स्थित कार्यालय पर दो माह से वेतन नहीं मिलने पर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया जा रहा है।

महिला कर्मचारी हाजमा बानो सहित अन्य ने बताया कि 2 माह से सैलरी नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा कि अब तो दुकानदारों ने उधार देना बंद कर दिया है और सरकार तनख्वाह समय पर नहीं दे रही है। लोन की किस्त जमा नहीं हो पा रही, बच्चों की फीस भी नहीं भर पा रहे हैं। दूध वालों को भी पैसा नहीं दे पा रहे हैं। कोई भी दुकानदार उधार में सामान देने के लिए तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार से मांग है कि तनख्वाह समय पर दे दी जाए। पहले समय पर वेतन मिलने पर किसी तरह की समस्या नहीं होती थी। अब रोडवेज में नौकरी करने पर शर्म आती है।

शाखा सचिव उमेश कुमार ने बताया मंगलवार को दो घंटे का कार्य बहिष्कार कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया है। सरकार से यही मांग है कि एक तारीख को उन्हें वेतन दिया जाए। बार-बार सरकार से बस यही निवेदन कर रहे हैं। रोडवेज को जो अनुदान मिलता है, वह भी दिया जाए। निगम कर्मचारी आए दिन अपनी किसी न किसी समस्या को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं, यह ठीक नहीं है, सरकार और विभाग की बदनामी भी हो रही है।

## दुष्कर्म व अश्लील हरकत करने का आरोप

**सुजानगढ़,** (निसं)। क्षेत्र के साण्डवा थाने में मंदबुद्धि महिला के साथ दुष्कर्म करने एवं उसकी नाबलिग पुत्री के साथ अश्लील हरकत करने के आरोप का मामला दर्ज हुआ है। पीड़ित महिला के दिव्यांग पति ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि आरोपी मूलाराम पुत्र उदाराम जाट पीड़िता का पड़ौसी है और उसे पीड़िता की मनःस्थिति के साथ ही उसके पति के आने-जाने के सम्बंध में पूरी जानकारी है। रिपोर्ट में बताया गया है कि करीब छह माह पहले आरोपी मूलाराम ने पीड़िता को घर में अकेली देखकर उसके साथ दुष्कर्म किया तथा उसे पेचकस दिखाकर आंख फोड़ने व शरीर में पेचकस घुसाकर मारने तथा परिवार वालों को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद विगत छह माह में आरोपी ने पीड़िता के साथ कई बार दुष्कर्म किया। रिपोर्ट में बताया गया है कि 21 जुलाई को पीड़िता के पति ने घर में कैमरे लगवाये तथा 23 जुलाई को पीड़िता के साथ गलत काम करते हुए मूलाराम को उसके पति ने पकड़ लिया। इसके बाद पीड़िता की नाबालिग पुत्री ने बताया कि आरोपी मूलाराम ने एक माह पहले उसके साथ अश्लील हरकत की थी। आरोपी ने इस हरकत के सम्बंध में किसी को बताने पर नाबालिग को उसके पिता, मां एवं छोटी बहन को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- **पीड़िता के दिव्यांग पति ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाई**

# चोरी हुई कार सहित चोर को गिरफ्तार किया

**उदयपुर,** (निसं)। सूरजपोल थाना पुलिस ने होटल से चोरी गई कार को किशनगढ़ क्षेत्र से बरामद कर चोर को गिरफ्तार किया।

प्रकरण के अनुसार जुहापुरा कनोल के पीछे हैप्पी होम आसीसी रोड़ सरखेज गांधीनगर गुजरात निवासी आदिल पुत्र युसुफ भाई को महल वाला रोड़ शाहजहांपुर मेरठ यूपी हाल अहमदाबाद निवासी मुस्तकीम पुत्र यासिन के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। पीड़ित ने बताया कि सोमवार तड़के आरोपी मुझे किराये पर कार लेकर उदयपुर आया था, जहां उदियापोल स्थित एक होटल में रूम लेकर विश्राम किया।

जाग होने पर मुस्तकिम की तलाश की, नहीं मिला। होटल प्रबंधन से पूछताछ करने पर पता चला कि आरोपी चाबी निकाल कार लेकर फरार हो गया। इस पर उसकी तलाश की, लेकिन सुराग नहीं लगा। इस पर पुलिस को सूचना दी, जहां किशनगढ़ थानाधिकारी रूपाराम मय टीम ने टोल नाके पर नाकाबंदी के दौरान कार को जब्त कर चालक को दबोच लिया। इसकी सूचना मिलने पर हेडकांस्टेबल राघवेन्द्रसिंह ने उसे उदयपुर लाकर न्यायालय में पेश कर दो दिन का रिमाण्ड लिया है, जिससे पूछताछ की जा रही है। आरोपी मुस्तकिम करीब 20-25 वर्ष से अहमदाबाद में धर्मशाला में रहते हुए फैरी लगाकर सामान बेचने का काम करता था। सोमवार तडके वह कार भाडे पर आदिल को उदयपुर लेकर आया था। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

- **पुलिस ने टोल नाके पर नाकाबंदी के दौरान कार को जब्त कर चालक को दबोच लिया**

**कार चोरी :-** अम्बामाता थाना पुलिस ने इकबाल हुसैन रस्सावाला पुत्र सादिक अली निवासी देवाली अरोड़ा नगर खारोल कॉलोनी फतहपुरा की रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के खिलाफ 28 जुलाई को मकान के बाहर खड़ी कार को चुरा ले जाने का प्रकरण दर्ज किया।

## टैक्सी चालक ने आत्महत्या की

**उदयपुर,** (निसं)। प्रताप नगर थाना क्षैत्र में टैक्सी चालक ने अपने कमरे में फांसी लगा आत्महत्या कर ली। चिरवा हाल खेमपुरा निवासी महेश (23) पुत्र शांतिलाल मेघवाल ने सोमवार रात में कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। महेश टेक्सी चलाता था एवं खेमपुरा में अपनी मौसी के पास रहता था। सोमवार रात में खाना खने क बाद वह सोया था। मंगलवार सवेरे जाग नहीं होने पर एवं मोबाइल पर घंटी बज रही थी। इसको देख मौसी ने आवाज लगाई लेकिन कोई जवाब नहीं आया तो खिड़की में देखा तो वह फंदे पर लटका हुआ था। सूचना पर चेतक ड्यूटी पर तैनात हैड कांस्टेबल बाबूलाल ने मौके पर पहुंचकर मृतक को फंदे से नीचे उतारकर एमबी चिकित्सालय पहुंचाया।

## बजरी का स्टॉक जब्त किया

**बौंली-बामनवास,** (निसं)। सवाई माधोपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर खुशाल यादव के निर्देशन में एसआईटी दल में शामिल खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने चौथ का बरवाड़ा तहसील के राजस्व ग्राम देवली से करीब 440 टन, समुद्रपुरा से 550 टन, ऐचेर से 500 टन, बगीना से 800 टन, शिवाड से 400 टन कुल छह खनिज बजरी के स्टॉक से करीब दो हज़ार 690 टन खनिज बजरी का स्टॉक जब्त किया।

# आर.टी.ई. के बच्चों से किताब के नाम पर अवैध वसूली करने का आरोप, जांच शुरू

## स्कूल की मान्यता रद्द करने की मांग, जिला कलेक्टर के आदेश पर जांच शुरू हुई

**सुजानगढ़,** (निसं)। मोदी पब्लिक स्कूल के खिलाफ अभिभावकों की शिकायत के बाद जिला कलेक्टर के आदेश पर जांच शुरू हुई है। शिकायत में अभिभावकों ने आरटीई के विद्यार्थियों से पाठ्य पुस्तकों, आईडी कार्ड, परिवहन शुल्क आदि के नाम पर अवैध वसूली करने का आरोप लगाया है। जिला कलेक्टर के आदेश पर राजकीय पीसीबी उ.मा. विद्यालय के प्राचार्य रणवीर सिंह शिकायत की जांच कर रहे हैं।

जांच अधिकारी ने शिकायत के संबंध में मंगलवार को विद्यार्थियों, विद्यालय स्टाफ के बयान लिये हैं तथा 125 अभिभावकों को बयान देने के लिए बुलाया, जिस पर 40 अभिभावकों ने जांच अधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर लिखित बयान दिये हैं तथा रसीद आदि दस्तावेजी साक्ष्य भी उपलब्ध करवाये हैं। दिव्यांग अभिभावक दीनदयाल खटीक ने बताया कि उसकी पुत्री मोदी पब्लिक स्कूल में पढ़ती है। परिवहन शुल्क जमा नहीं करवाने पर सोमवार को बच्ची को कक्षा के बाहर 15 मिनट तक खड़ा रखा गया। अभिभावकों ने आरोप लगाया कि स्कूल प्रबंधन की अवैध वसूली के संबंध में सीबीईओ को अनेक बार शिकायत की गई, लेकिन सीबीईओ ने कोई कार्यवाही नहीं की।



स्कूल के खिलाफ शिकायत पर जांच अधिकारी ने अभिभावकों के लिखित बयान लिये।

जांच अधिकारी रणवीर सिंह महरिया ने बताया कि मोदी पब्लिक स्कूल के खिलाफ जिला कलेक्टर से शिकायत हुई थी। इसके संबंध में जिला कलेक्टर के आदेश पर मामले की जांच की जा रही है। जांच अधिकारी ने बताया कि जांच पूर्ण कर शीघ्र ही रिपोर्ट सीबीईओ को सौंप दी जायेगी। प्राचार्य रणवीर सिंह के साथ पीसीबी स्कूल के सहायक प्रशासनिक अधिकारी जितेन्द्र प्रजापत जांच टीम में शामिल है।

- **40 अभिभावकों ने लिखित बयान दिये तथा रसीद आदि दस्तावेजी साक्ष्य भी उपलब्ध करवाये**

**यह है मामला :-** अभिभावक बाबूलाल मेघवाल ने 26 जुलाई को जिला कलेक्टर को मोदी पब्लिक स्कूल के खिलाफ शिकायत की थी। शिकायत में बाबूलाल ने बताया कि चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से संचालित मोदी पब्लिक स्कूल में आरटीई के तहत वर्ष 2016-17 में उसने अपनी पुत्री का एडमिशन करवाया था। शिकायत में स्कूल पर पाठ्य पुस्तकों, स्कूल आईडी कार्ड एवं डायरी के माध्यम से विगत आठ सालों से अवैध धन राशि वसूलने का आरोप लगाया गया था, जबकि आरटीई के तहत पाठ्य पुस्तकें निःशुल्क दी जाती हैं। शिकायत में बाबूलाल ने बताया कि अभिभावकों को पाठ्य पुस्तकें अधिक धन राशि पर विद्यालय द्वारा संचालित स्टोर से खरीदने के लिए मजबूर किया जाता है। कलेक्टर को दी गई शिकायत में विद्यालय प्रशासन पर आरटीई के विद्यार्थियों के साथ भेदभाव करने का आरोप भी लगाया गया है। अभिभावक बाबूलाल ने बताया कि स्कूल के प्रबंधक जुगलकिशोर मोदी से मिलने उनके घर जाने पर धक्के देकर बाहर निकाल दिया गया तथा जहां पर शिकायत करनी हो, कर दो हमारा कोई कुछ बिगाडने वाला नहीं है।

प्रकरण में एड. तिलोक मेघवाल ने भी जिला कलेक्टर, देवस्थान विभाग एवं राज्य जीएसटी विभाग को शिकायत भेज कर आरटीई के तहत अध्ययनरत विद्यार्थियों को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने, गरीब परिजनों से पाठ्य पुस्तकों के हजारों रूपयों की जबरन वसूली करने तथा जीएसटी की चोरी कर सरकार को राजस्व का नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाते हुए कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

## राजसमन्द के विकास की घोषणाओं के लिए आभार जताया

**राजसमंद,** (निसं)। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने वित्त विधेयक पर चर्चा में मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं के लिए उनका आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अटल प्रगति पथ निर्माण, सापोल से आत्मा सड़क निर्माण के लिए 3 करोड रुपये, जेके स्कूल से भट्टखेड़ा सड़क निर्माण के लिए 2 करोड़ 50 लाख रुपयों की घोषणा की है। खाद्य सुरक्षा में चयनित एवं राशन कार्ड से गेहूं प्राप्त करने वाले लाभार्थी परिवारों को 450 रुपयों में गैस सिलिंडर उपलब्ध करवाने की घोषणा भाजपा का महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्धता दिखाता है। ई-बसों की खरीद से शहरों में सार्वजनिक परिवहन सेवा का विस्तार होगा। विधायक दीप्ति ने कहा कि गांधी वाटिका न्यास का गठन अत्यंत दोषपूर्ण था। यह सरकारी धन से बनाई गई वाटिका और सरकारी भूमि पर कुछ व्यक्तियों को एकाधिकार देने का प्रयास किया गया। उपाध्यक्ष को असिमित अधिकार एवं शक्तियां दी गई थी। संस्कृति, कला एवं पुरातत्व विभाग संग्रहलयों का संचालन करता है। विधायक माहेश्वरी ने कहा कि कांग्रेस नेता न्यास के नाम पर भ्रम और झूठ बोल रहे है। कांग्रेस पार्टी ने सत्ता में रहते हुए गांधीजी के दर्शन, स्वदेशी, राष्ट्रभाषा, गांवों को आत्मनिर्भर बनाने के उनके विचारों की पूरी अनदेखी की थी।